सीएमए एवं सीएस चौप्टर के बीच खेले गए दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच में पुरस्कार वितरण करने पहुंचे-पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

फरीदाबाद, सुनील कुमार जांगड़ा। फरीदाबाद सेक्टर 78 मे वर्ल्ड स्ट्रीट के पास प्राइवेट क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का कल सोमवार को आयोजन किया गया स जिसमे फरीदाबाद इकाई, द इंस्टिट्यूट ऑफ़ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया (आइसीएसआई) बनाम द इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया (आइसीएमएआई) के मध्य एक क्रिकेट मैच खेला गया स जिसमें आइसीएमएआई ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाजी का निर्णय लिया गया और आइसीएसआई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर मे सभी विकेट खोकर 116 रन बनाये स जिसके बाद बल्लेबाजी करते हुए आइसीएमएआई की टीम ने 5 विकेट खोकर से यह मैच जीत लिया स फरीदाबाद में खेले गए इस टूर्नामेंट मे मैन ऑफ़ द मेच का श्रेय शमीम खान को दिया गया जिन्होंने मैच मे बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच जिताने मे अहम योगदान दिया स उपरोक्त मैच में हरियाणा के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मन्त्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों कों सम्मानित करने पहुंचे और खिलाड़ियों कों मैडल और ट्रॉफी देकर उनके भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस मैच में आइसीएसआई की तरफसे कपिल डुडेजा कप्तान और आइसीएमएआई की तरफसे संकल्प वधवा बतौर कप्तान रहे। इस मोके पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों कों सम्बोधित करते हुए कहा की दोनों ही संस्थान उद्योग जगत की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान और भारतीय लागत लेखांकन संस्थान दोनो बहुत महतवपूर्ण संगठन है जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के निर्माण में, लागत नियंत्रण में और देश के उद्योगों के सुचारू रूप से कार्यवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मोके पर पूर्व मंत्री ने दोनों संस्थान के मेंबर्स से भविष्य में भी इसी तरह देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करके देश कों आगे बढ़ाने का काम करते रहने की अपील भी की। मैच में बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर सभी खिलाडियों और आयोजनकर्ताओं ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और कार्यक्रम में आने पर हार्दिक धन्यवाद किया स आपको बता दे कि दोनों टीमों के बीच बहुत ही सदभावना से मैच खेलकर एक भाईचारे का संदेश भी दिया स इस मोके पर मुख्य भूमिका मे रहे विनय सिंह जो कि खुद क्रिकेट मे रणजी खिलाडी रहे है, उन्होंने यह मैच करवाने मे अहम भूमिका निभाई है जिसका पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने धन्यवाद कर हौसला अफजाई की स इस मैच में मुख्यतौर पर आयोजनकर्ता आइसीएसआई की तरफसे सीएस कपिल डुडेजा (चौयरमैन), सीएस मोनिका आनंद (सेक्रेटरी), सीएस रेनू कथूरिया, सीएस विक्रम ग्रोवर, सीएस सौरव चक्रवर्ती, सीएस अरुण गोयल, सीएस असीम जुनेजा, सीएस नितिन पांचाल और आइसीएमएआई की तरफ से सीएमए अरुण नागर (चौयरमैन), सीएमए अनिल ठाकुर (सेक्रेटरी), सीएमए संकल्प वाधवा, सीएमए दीपक मालपानी, सीएमए विकास श्रीवास्तव, सीएमए सुमन झा, सीएमए खुशबू मिश्रा, सीएमए अखिल मित्तल व अन्य काफ़ी लोग मौजूद रहें।